

# साप्ताहिक वन लाइनर्स

## 22-31 मई 2022







# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

# 22-31 मई 2022

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट चौथे **सप्ताह** (22-31) मई **2022** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. किस बैंक ने चीन के इंटरबैंक बॉन्ड मार्केट में तीन वर्ष की परिपक्वता अवधि के साथ 7 बिलियन CNY (1.04 बिलियन डॉलर) के RMB-मूल्यवर्ग बॉन्ड जारी किए ________ **न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB)।**

   **नोट:**
   - यह लेन-देन एक बहुपक्षीय विकास बैंक (MDB) द्वारा अब तक का सबसे बड़ा पांडा बांड निर्गम है।
   - निर्गम पूरा होने पर, NDB के पास चीन इंटरबैंक बॉन्ड बाजार में अपने RMB बांड कार्यक्रमों के तहत जारी किए गए कुल RMB 30 बिलियन बॉन्ड होंगे।

2. दुनिया में चल रहे खाद्य सुरक्षा संकट को देखते हुए विश्व बैंक ने कितनी वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की ________ **30 बिलियन डॉलर।**

   **नोट:**
   - क्षेत्र: अगले 15 महीनों में खाद्य असुरक्षा को दूर करने के लिए कृषि, पोषण, सामाजिक सुरक्षा, जल और सिंचाई कार्यान्वयन के लिए उपलब्ध होगी।
   - विश्व बैंक अगले 15 महीनों के लिए 12 बिलियन डॉलर की नई परियोजनाएं तैयार करने में देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

3. देश की अवसंरचना तथा सतत विकास संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कौन सा बैंक भारत में अपना पहला क्षेत्रीय कार्यालय गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (GIFT सिटी) में खोलेगा _______ **न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB)।**

   **नोट:**
   - भारतीय क्षेत्रीय कार्यालय (IRO) ऋणग्राहियों और हितधारकों के साथ NDB के संपर्क को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
   - IRO आम लोगों के बीच हमारी उपस्थिति का विस्तार करता है, परियोजनाओं को तैयार करने और कार्यान्वित करने में योगदान देता है।

4. वह क्रेडिट कार्ड जिसे हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने अपने योनो प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया है, जो पात्र ग्राहकों को 35 लाख रुपये तक का व्यक्तिगत ऋण प्राप्त करने की सुविधा देता है________ **रीयल-टाइम एक्सप्रेस क्रेडिट।**

   **नोट:**
   - यह वेतनभोगी ग्राहकों (एक्सप्रेस क्रेडिट) के लिए एक प्रमुख व्यक्तिगत ऋण उत्पाद है, जो एक डिजिटल अवतार में उपलब्ध है, और ग्राहक अब योनो के माध्यम से इसका लाभ उठा सकते हैं।
   - यह 100% पेपरलेस तथा डिजिटल अनुभव और एक आठ-चरणीय प्रक्रिया होगी।

**5.** किस वित्तीय सेवा प्रदाता ने पूर्णतया एकीकृत डिजिटल वित्तीय पेशकश 'लोन अगेन्स्ट शेयर' लॉन्च किया है ________ **टाटा कैपिटल लिमिटेड।**

**नोट:**

- उद्देश्य: ग्राहकों को एक आसान तथा निर्बाध अनुभव प्रदान करना।
- इस सुविधा के माध्यम से, ग्राहक NSDL द्वारा सुकृत अपने अप्रत्यक्षीकृत शेयरों को ऑनलाइन गिरवी रखकर 5 करोड़ रुपये तक का ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

**6.** किस निजी बैंक ने रिटेलियो के साथ को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की एक नई श्रृंखला शुरू करने के लिए करार किया है, जो मुख्यत: मर्चेंट सेगमेंट में केमिस्ट और फार्मेसियों पर लक्षित है_______ **HDFC बैंक।**

**नोट:**

- रिटेलियो देश का सबसे बड़ा B2B फार्मा मार्केटप्लेस है।
- को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड कर भुगतान पर कैशबैक, रिवार्ड प्वाइंट और सभी व्यावसायिक आवश्यक वस्तुओं पर 5% कैशबैक प्रदान करता है।
- कार्ड सभी ग्राहकों के लिए उनके क्रेडिट कार्ड पर नो-कॉस्ट और लो-कॉस्ट EMI विकल्प भी प्रदान करता है।

**7.** किसकी अध्यक्षता में, भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों, NBFC तथा अन्य विनियमित संस्थाओं में ग्राहक सेवा की प्रभाविता, पर्याप्तता और गुणवत्ता की समीक्षा करने के लिए एक समिति का गठन किया है __________ **RBI के पूर्व डिप्टी गवर्नर बी.पी. कानूनगो।**

**नोट:**

- छह सदस्यीय समिति अपनी पहली बैठक की तारीख से तीन महीने के भीतर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।
- यह ग्राहक सेवा परिदृश्य (डिजिटल/इलेक्ट्रॉनिक वित्तीय उत्पाद विकास और वितरण परिदृश्य) की उभरती जरूरतों की भी समीक्षा करेगी।

**8.** ग्रामीण NEO बैंक के किस स्टार्ट-अप ने देश के भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र का डिजिटलीकरण करने और ग्रामीण भारत में अपने ग्राहकों हेतु कारोबार के व्यापक अवसर प्रदान करने के लिए इंडसइंड बैंक के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए _______ **महाग्राम।**

**नोट:**

- उद्देश्य: वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना, सामाजिक-आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना, आभासी अर्थव्यवस्था के जोखिम को कम करना और कैशलेस सोसाइटी के विकास में तेजी लाना।
- ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय किराना स्टोर पर पैसे बचाने में सक्षम बनाने के लिए 2015 में महाग्राम की स्थापना की गई थी।

**9.** किस बैंक ने अल्प बैंकिंग सेवा प्राप्त और सेवाधीन आबादी को लाभान्वित करने हेतु कृषि व्यवसाय के लिए NBFC पैसालो डिजिटल लिमिटेड के साथ एक सह-ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए ________ **यूको बैंक।**

**नोट:**

- समझौते से बैंक के कृषि अग्रिम को बढ़ावा मिलेगा और यह बैंक के साथ-साथ NBFC के लिए एक लाभाकारी स्थिति है।
- भारत सरकार का लक्ष्य कृषि तथा अन्य छोटे कर्जदारों की मदद करना है जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

**10.** GIC (सॉवरेन वेल्थ फंड) द्वारा 2,195 करोड़ रुपये में आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल (ABFRL) में कितनी हिस्सेदारी हासिल की गई है_______ **7.5% इक्विटी हिस्सेदारी।**

**नोट:**

- निवेश अधिमान्य इक्विटी और वारंट के माध्यम से किया जाएगा। पहली किश्त में GIC 770 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जबकि शेष 1,425 करोड़ रुपये 18 महीने के भीतर निवेश किए जाएंगे।
- निवेश के बाद, आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी में 51.9% की नियंत्रक हिस्सेदारी होगी।

**11.** कौन सी वित्तीय डिजिटल भुगतान कंपनी संपत्ति प्रबंधन कंपनियों वेल्थडेस्क और ओपनक्यू का क्रमश: लगभग 50 मिलियन डॉलर और लगभग 20 मिलियन डॉलर में अधिग्रहण करेगी _______ **फोनपे (वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली डिजिटल भुगतान कंपनी)।**

**नोट:**

- फोनपे ने वेल्थडेस्क और ओपनक्यू से संबंधित समझौते की पुष्टि की, लेकिन लेनदेन के मूल्य का खुलासा नहीं किया।
- फोनपे ने 2021 में म्यूचुअल फंड (MF) लाइसेंस के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (Sebi) में आवेदन किया है, जो एक परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी (AMC) स्थापित करने की दौड़ में प्रतिद्वंद्वियों के बीच शामिल हो गया है।

**12.** कौन सा बैंक गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंशियल टेक सिटी (GIFT सिटी) में शाखा खोलने वाला पहला जापानी बैंक बना _______ **MUFG बैंक।**

**नोट:**

- MUFG बैंक ने GIFT सिटी में एक शाखा स्थापित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (भारत) और वित्तीय सेवा एजेंसी (जापान) से सभी आवश्यक अनुमोदन पहले ही प्राप्त कर लिए हैं।
- MUFG ने 1953 में मुंबई में अपनी पहली शाखा खोली थी।

**13.** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने विभिन्न श्रेणियों के वाहनों के लिए तृतीय पक्ष (TP) मोटर बीमा प्रीमियम में कब से वृद्धि की है_______ **1 जून।**

**नोट:**

- नई निजी कारों के प्रीमियम में 1% से 23% के बीच वृद्धि की गई है।

**14.** किस NBFC ने इंडियन बैंक के साथ एक संयुक्त उद्यम (JV) की घोषणा की है, जिससे दोनों संस्थानों को साझेदारी का लाभ उठाने और खुदरा क्षेत्र में उधारकर्ताओं को ग्राहक-केंद्रित वित्तीय समाधान प्रदान करने में मदद मिलेगी _______ **नॉर्दर्न आर्क (NBFC)।**

**नोट:**

- इस कदम से इंडियन बैंक को नॉर्दर्न आर्क के n-POS प्लेटफॉर्म तक पहुंच प्राप्त करने में मदद मिलेगी जो फिनटेक, NBFC और निवेशकों को खुदरा ऋणग्राहियों को सह-ऋण देने में मदद करता है।

**15.** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने निवल मूल्य आवश्यकता को घटाकर कितना करके गैर-बैंकिंग संस्थाओं के लिए भारत बिल पेमेंट ऑपरेटिंग यूनिट (BBPOU) के स्थापना मानदंडों में ढील दी _________ **25 करोड़ रुपये।**

**नोट:**

- वर्तमान में, एक गैर-बैंक BBPOU हेतु अनुमति प्राप्त करने के लिए 100 करोड़ रुपये के न्यूनतम निवल मूल्य की आवश्यकता है।
- भारत बिल भुगतान प्रणाली (BBPS) बिल भुगतान के लिए एक अंत:प्रचालनीय प्लेटफॉर्म है और BBPS का दायरा तथा व्याप्ति उन सभी श्रेणियों के बिल जारीकर्ताओं तक है जो आवर्ती बिल जारी करते हैं।

**16.** आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने राजकोष में लगभग 38,000 करोड़ रुपये बढ़ाने के लिए हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (HZL) में कितने प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री को मंज़ूरी दी है _______ **29.5%।**

**नोट:**

- सरकार ने PSU विनिवेश और रणनीतिक बिक्री से 65,000 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है।
- 2002 में, सरकार ने HZL में 26% हिस्सेदारी स्टरलाइट अपॉर्चुनिटीज एंड वेंचर्स लिमिटेड (SOVL) को बेच दी।

**17.** बैंक ऑफ बड़ौदा फाइनेंशियल ने नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) और किस कंपनी के साथ मिलकर HPCL BoB को-ब्रांडेड कॉन्टेक्टलेस रुपे क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया_________ **हिंदुस्तान पेट्रोलियम (HPCL)।**

**नोट:**

- इस कार्ड का उपयोग JCB नेटवर्क के माध्यम से दुनिया भर के व्यापारियों और ATM में किया जा सकता है।
- BOB फाइनेंशियल बैंक ऑफ बड़ौदा (BOB) के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

**18.** HDFC सिक्योरिटीज द्वारा लॉन्च रोबो एडवाइजरी प्लेटफॉर्म का नाम ________ **HDFC मनी।**

**नोट:**

- यह अन्य वित्तीय पहलुओं का भी प्रबंधन करती है जैसे पोर्टफोलियो तक पहुंच, प्रबंधन और ट्रैकिंग, लक्ष्य नियोजन प्रारंभ, बीमा योजना, और करों का प्रबंधन/फाइलिंग।

**19.** सेबी ने किस एक्सचेंज की मान्यता वापस ले ली ________ **इंडियन कमोडिटी एक्सचेंज लिमिटेड (ICEX)।**

**नोट:**

- निवल संपत्ति और ढांचागत आवश्यकताओं जैसे कई आधारों पर विदेशी मुद्रा गैर-अनुपालन के बाद 10 मई को सेबी द्वारा पारित एक आदेश में मान्यता वापस ली गई।

**20.** मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस द्वारा कैलेंडर वर्ष 2022 (CY22) के लिए भारत की पूर्वानुमानित विकास दर ______ **8.8%।**

**नोट:**

- इसमें 2022 और 2023 के लिए मुद्रास्फीति क्रमशः 6.8% और 5.2% रहने का अनुमान लगाया गया है।

**21.** किस संगठन ने इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज IFSC (IIBX) या भारत में क्वालिफाइड ज्वैलर्स द्वारा इसी तरह के अधिकृत एक्सचेंज के माध्यम से सोने के भौतिक आयात की सुविधा के लिए मानदंड जारी किए हैं ______ **RBI।**

**नोट:**

- बैंक मौजूदा विदेश व्यापार नीति और IFSC अधिनियम के तहत जारी विनियमों के अनुपालन में IIBX के माध्यम से सोने के आयात हेतु क्वालीफाइड ज्वैलर्स को 11 दिनों के लिए अग्रिम भुगतान भेजने की अनुमति दे सकते हैं।

**22.** RBI ने संपत्ति की गुणवत्ता में गिरावट के बावजूद शैडो बैंकों की बैलेंस शीट का विस्तार देखते हुए अपनी वार्षिक रिपोर्ट में किन्हें लाल झंडी दिखाई ______ **गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC)।**

**नोट:**

- कुछ NBFC ने वित्तीय स्थिरता के लिए संभावित खतरा पेश किया है क्योंकि अधिक जोखिम लेने के कारण उनकी आमाप बढ़ गया है।
- शैडो बैंकिंग: पारंपरिक बैंकिंग क्षेत्र के बाहर होने वाली बैंक जैसी गतिविधियां।

**23.** RBI के बैंकनोट उपभोक्ता सर्वेक्षण के निष्कर्षों के अनुसार, कौन सा नोट सबसे पसंदीदा बैंक नोट के रूप में सामने आया है _______**100 रुपये।**

**नोट:**

- 2,000 रुपये का बैंकनोट सबसे कम पसंदीदा था।

- सिक्कों में, 5 रुपये मूल्यवर्ग का सिक्का सबसे पसंदीदा जबकि 1 रुपये का सिस्का सबसे कम पसंदीदा था।

**24.** इकोरैप किस बैंक की शोध रिपोर्ट है________ **SBI।**

**नोट:**

- भारतीय स्टेट बैंक की शोध रिपोर्ट इकोरैप के अनुसार, वित्त वर्ष 2022 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (GDP) विकास दर 8.2 से 8.5% के बीच रहने की उम्मीद है।

## श्रद्धांजलियां

**1.** पूर्व सांसद शिवाजी पटनायक का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया, वह किस राजनीतिक दल से थे________ **CPI (M)।**

**नोट:**

- पटनायक 1947 में अविभाजित भारतीय कम्युनिटी पार्टी (CPI) में शामिल हुए और 1961 में ओडिशा में CPI (M) के गठन के सूत्रधार थे। वे 1977, 1989 और 1991 में तीन बार लोकसभा सीट (भुवनेश्वर) से चुने गए।
- वे 1972 से 1991 तक CPM की राज्य समिति के सचिव और लंबे समय तक CPM की केंद्रीय समिति के सदस्य भी रहे।

**2.** लेस्टर पिगॉट का निधन हो गया और वह किस खेल से संबंधित थे_______ **जॉकी।**

**नोट:**

- पिगॉट आंशिक बधिर थे, और उसने 1954 में पहली बार एप्सोम में डर्बी जीता और 1983 में टीनोसो पर नौवीं जीत दर्ज की।

**3.** बुजर निशानी का निधन हो गया, वह किस क्षेत्र से संबंधित थे ________ **राजनीति।**

**नोट:**

- वह अल्बानिया के पूर्व राष्ट्रपति थे।
- जून 2012 में 45 वर्ष की आयु में निशानी को राष्ट्रपति चुना गया और वह देश के सबसे युवा राष्ट्रपति बने।

## महत्वपूर्ण दिवस

**1.** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है___________ **22 मई।**

**नोट:**

- अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2022 का विषय: "Building a shared future for all life"
- उद्देश्य: पर्यावरण और इस ग्रह पर आवासित सभी प्रजातियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसंबर 2000 में 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के रूप में निर्दिष्ट किया।

**2.** गुमशुदा बच्चों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर वर्ष मनाया जाता है________ **25 मई।**

**नोट:**

- इस दिवस का उद्देश्य बच्चे के अपहरण के मुद्दे पर प्रकाश डालना, माता-पिता को अपने बच्चों की सुरक्षा के उपायों के बारे में शिक्षित करना और उनका सम्मान करना है जो कभी नहीं मिले और उनका भी जो मिल गए।

**3.** थायराइड रोगों, उनके लक्षण, रोकथाम और उपचार के बारे में जागरूकता तथा समझ को बढ़ावा देने के लिए विश्व थायराइड दिवस किस तारीख को मनाया जाता है _______ **25 मई।**

**नोट:**

- थायराइड फेडरेशन इंटरनेशनल द्वारा घोषित विषय “It’s not you. It’s your thyroid.”

**4.** संयुक्त राष्ट्र द्वारा 25 से 31 मई तक कौन सा दिवस मनाया जाता है _______ **गैर-स्वशासी क्षेत्रों के लोगों के साथ एकजुटता का अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह।**

**नोट:**

- 6 दिसंबर, 1999 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गैर-स्वशासी क्षेत्रों के लोगों के साथ एकजुटता सप्ताह के वार्षिक अनुपालन का आह्वान किया।

**5.** एक गैर-लाभकारी संगठन अमेरिकन टॉर्टोइस रेस्क्यू द्वारा विश्व कछुआ दिवस कब मनाया जाता है_________**23 मई।**

**नोट:**

- इस वर्ष के विश्व कछुआ दिवस का विषय "Shellebrate" है। विषय "सभी को कछुओं से प्यार करने और उनकी रक्षा करने" को कहता है।

**6.** राष्ट्रमंडल दिवस कब मनाया जाता है________ **मार्च के दूसरे सोमवार।**

**नोट:**

- हालांकि, भारत और कुछ अन्य देश इसे 24 मई को मनाते हैं। राष्ट्रमंडल दिवस 2022 का विषय ‘Delivering a Common Future’

**7.** ऑब्स्टेट्रिक फिस्टुला के उपचार और रोकथाम की दिशा में कार्यवाही को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र (UN) ऑब्स्टेट्रिक फिस्टुला के अंत का अंतर्राष्ट्रीय दिवस किस तारीख को मनाया जाता है _______ **23 मई।**

**नोट:**

- 2003 में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) और उसके सहयोगियों ने फिस्टुला को रोकने और इससे प्रभावित लोगों के स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए एक सहयोगी पहल, एन्ड फिस्टुला के लिए वैश्विक अभियान शुरू किया। इस दिवस को आधिकारिक तौर पर 2012 में मान्यता दी गई थी।

**8.** विश्व मेट्रोलॉजी दिवस (WMD) प्रतिवर्ष दुनिया भर में मनाया जाता है_______**20 मई।**

**नोट:**

- माप विज्ञान, मापन और उसके अनुप्रयोग के बारे में जागरूकता फैलाना।
- विश्व मेट्रोलॉजी दिवस 2022 का विषय डिजिटल युग में मेट्रोलॉजी है।

**9.** संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस 2022 का विषय क्या है जो हर वर्ष 29 मई को मनाया जाता है ________ **People Peace Progress: The Power of Partnerships.**

**नोट:**

- चाड के कैप्टन अब्देलराजाख हमीत बहार को मरणोपरांत संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा का सर्वोच्च पुरस्कार, 'कैप्टन म्बाय डिएग्ने मेडल फॉर एक्सेप्शनल करेज़' मिला।

**10.** तंबाकू के सेवन से होने वाले हानि के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व तंबाकू निषेध दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है _________ **31 मई।**

**नोट:**

- संयुक्त राष्ट्र ने 2030 तक सतत विकास एजेंडा अपनाया है, जिसका उद्देश्य उस समय तक तंबाकू से होने वाली मौतों को एक तिहाई तक कम करना है।
- विषय 2022: Tobacco: Threat to our environment

## नई नियुक्तियां

1. इंफोसिस ने निदेशक मंडल की सिफारिश पर 1 जुलाई, 2022 से 31 मार्च, 2027 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए कंपनी का CEO और MD किन्हें नियुक्त किया गया _______ **सलिल पारेख।**

   **नोट:**
   - वह एकमात्र गैर-संस्थापक CEO होंगे जो दूसरे कार्यकाल के लिए कंपनी के प्रबंधकीय पद पर बने रहेंगे। वह जनवरी 2018 से इंफोसिस में भूमिका निभा रहे हैं।
   - उन्होंने तत्कालीन अंतरिम CEO एवं MD और कंपनी के अनुभवी यू.बी. प्रवीण राव की जगह ली।

2. एकीकृत दिल्ली नगर निगम का नया आयुक्त किन्हें नियुक्त किया गया _______ **ज्ञानेश भारती।**

   **नोट:**
   - केंद्र ने 1992 बैच के IAS अधिकारी अश्विनी कुमार को एकीकृत MCD में विशेष अधिकारी नियुक्त किया। नए निकाय चुनाव होने तक वह निर्वाचित पार्षदों और नगरपालिका समितियों की भूमिका संभालेंगे।
   - एकीकृत दिल्ली नगर निगम 22 मई, 2022 से प्रभावी है।

3. ऑस्ट्रेलिया के 31वें प्रधान मंत्री के रूप में किसने शपथ ग्रहण की ________ **लेबर पार्टी के नेता एंथनी अल्बनीज।**

   **नोट:**
   - चार प्रमुख कैबिनेट सदस्य नए विदेश मंत्री पेनी वोंग, नए उप प्रधान मंत्री एवं रोजगार मंत्री रिचर्ड मार्लेस, कोषाध्यक्ष जिम चल्मर्स, और अटॉर्नी जनरल एवं वित्त मंत्री कैटी गैलाघर।
   - यह लगभग एक दशक में ऑस्ट्रेलिया की पहली लेबर पार्टी सरकार है।

4. ईस्ट तिमोर के राष्ट्रपति के रूप में किसने शपथ ग्रहण की ________ **जोस रामोस-होर्टा (पूर्व स्वतंत्रता सेनानी और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता)।**

   **नोट:**
   - उन्होंने चुनाव में मौजूदा फ्रांसिस्को "लू ओलो" गुटेरेस (उनके साथी स्वतंत्रता सेनानी) को हराया। रामोस-होर्टा 2006 से 2007 तक प्रधान मंत्री और 2007 से 2012 तक राष्ट्रपति रहे।
   - ईस्ट तिमोर एशिया के सबसे युवा देश की स्वतंत्रता की 20वीं वर्षगांठ मना रहा है।

5. संयुक्त सचिव स्तर पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का निजी सचिव किन्हें नियुक्त किया गया ______ **विवेक कुमार।**

   **नोट:**
   - वह प्रधानमंत्री मोदी के निजी सचिव संजीव कुमार सिंगला की जगह लेंगे। कुमार 2014 में उप सचिव के रूप में PMO में शामिल हुए थे।
   - उन्होंने IIT बॉम्बे से केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है और रूस तथा ऑस्ट्रेलिया में राजनयिक पदों पर काम किया है।

6. दिल्ली का नया उपराज्यपाल (LG) किन्हें नियुक्त किया गया ________ **विनय कुमार सक्सेना।**

   **नोट:**

- उन्हें अक्टूबर 2015 में KVIC का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उन्होंने विभिन्न योजनाओं और उत्पादों पर काम किया है: 'हनी मिशन', 'कुम्हार सशक्तिकरण योजना', 'चर्म कारीगर सशक्तिकरण', खादी प्राकृतिक पेंट, इत्यादि।
- उन्होंने पूर्व LG अनिल बैजल की जगह ली, जिन्होंने पांच वर्ष तक दिल्ली सरकार का नेतृत्व किया था।

**7.** 16 अगस्त 2022 से दूसरे कार्यकाल के लिए WHO का महानिदेशक किन्हें नियुक्त किया गया ________ डॉ. **टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस।**

**नोट:**

- जिनेवा में 75वीं विश्व स्वास्थ्य सभा के दौरान उनके पुन: निर्वाचित होने की पुष्टि की गई। वह एकमात्र उम्मीदवार थे। डॉ. टेड्रोस पहली बार 2017 में चुने गए थे।
- WHO में शामिल होने से पहले, डॉ. टेड्रोस ने इथियोपिया में विदेश मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के रूप में कार्य किया।

**8.** अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद एक कॉम्बैट एविएटर के रूप में आर्मी एविएशन कॉर्प्स में शामिल होने वाली पहली महिला अधिकारी ________ **कैप्टन अभिलाषा बराक।**

**नोट:**

- वह हरियाणा से हैं और उन्हें नासिक में आर्मी एविएशन के डीजी और कर्नल कमांडेंट द्वारा 36 अन्य आर्मी पायलटों के साथ प्रतिष्ठित विंग से सम्मानित किया गया। उन्हें 2018 में ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी, चेन्नई से भारतीय थलसेना में कमीशन किया गया था।
- उन्हें 2072 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन की दूसरी फ्लाइट के लिए नियुक्त किया गया है।

**9.** ग्रुप JSW वन प्लेटफॉर्म्स के ई-कॉमर्स उद्यम का CEO किन्हें नियुक्त किया गया ________ **गौरव सचदेवा।**

**नोट:**

- वह एक मजबूत और सुरक्षित पारदर्शी प्लेटफॉर्म बनाने के लिए उत्तरदायी होंगे जो देश में MSME के निर्माण के लिए स्टील तथा अन्य उत्पादों की खरीद और बिक्री को आसान बनाएगा।
- JSW वेंचर्स में शामिल होने से पहले, उन्होंने सिटी बैंक, बैंक ऑफ अमेरिका और इंफोसिस जैसे प्रमुख संस्थानों में काम किया।

**10.** WTO की व्यापार में तकनीकी बाधाओं (TBT) पर समिति का अध्यक्ष किन्हें बनाया गया ______ **अनवर हुसैन शेख।**

**नोट:**

- उन्होंने मेक्सिको की एलिसा मारिया ओल्मेडा डी एलेजांद्रो की जगह ली।

**11.** लोकपाल अध्यक्ष पिनाकी चंद्र घोष का कार्यकाल पूरा होने के बाद, राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने लोकपाल का कार्यकारी अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया _______ **न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार मोहंती।**

**नोट:**

- उनका कार्यकाल 28 मई से नए अध्यक्ष की नियुक्ति तक प्रभावी है।

**12.** अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (IBA) में एथलीट समिति निदेशक मंडल में मतदाता सदस्य और अध्यक्ष किन्हें चुना गया ______ **लवलीना बोरगोहेन।**

**नोट:**

- 2022 महिला विश्व चैंपियनशिप के चुनाव में उन्हें सर्वाधिक मत मिले हैं।

**1.** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) की कार्यकारी समिति के किस संस्करण ने लगभग 660 करोड़ रुपये की 11 जल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी __________ **42वें।**

**नोट:**

- बैठक की अध्यक्षता जी. अशोक कुमार (DG, NMCG) ने की। बैठक के दौरान सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) में हिंडन नदी की सफाई के लिए सीवरेज प्रबंधन परियोजना को भी मंजूरी दी गई।
- परियोजना की अनुमानित लागत 577.23 करोड़ रुपये है जिसमें 135 MLD STP का निर्माण, अंतर्रोधन निर्माण आदि शामिल हैं।

**2.** कौन सी गैस उत्पादक कंपनी भारतीय गैस एक्सचेंज पर घरेलू गैस का व्यापार करने वाली भारत की पहली एक्सप्लोरेशन एंड प्रोडक्शन (E&P) कंपनी बन गई ________ **तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ONGC)।**

**नोट:**

- पहला ऑनलाइन व्यापार 23 मई 2022 को अनुराग शर्मा (ONGC निदेशक (ऑनशोर) विपणन प्रभारी) द्वारा भारत के पहले स्वचालित राष्ट्रीय स्तर के गैस एक्सचेंज, IGX पर किया गया था।
- गैस का व्यापार ONGC कृष्णा गोदावरी 98/2 ब्लॉक से होता है।

**3.** किस संगठन ने भारत के जलवायु कार्यवाही और विकार्बनीकरण प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए CEO क्लाइमेट एक्शन लीडर्स के गठबंधन की घोषणा की ________ **विश्व आर्थिक मंच (WEF)।**

**नोट:**

- गठबंधन 2070 तक भारत के निम्न-कार्बन संक्रमण पर भारत के दृष्टिकोण, 'मिशन 2070: ए ग्रीन न्यू डील फॉर ए नेट जीरो इंडिया' प्राप्त करने के अपने प्रयासों को जारी रखेगा।
- उद्देश्य: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी 'पंचामृत' संकल्प को पूरा करने के लिए सरकार, व्यवसायों और अन्य प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाना।

**4.** किस मंत्री ने बायोटेक शोधकर्ताओं और स्टार्ट-अप्स के लिए सिंगल नेशनल पोर्टल बायोलॉजिकल रिसर्च रेगुलेटरी अप्रूवल पोर्टल (BioRRAP) लॉन्च किया _______ **डॉ. जितेंद्र सिंह (केंद्रीय राज्य मंत्री (IC) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय)।**

**नोट:**

- यह देश में जैविक अनुसंधान एवं विकास गतिविधि के लिए विनियामक अनुमोदन की इच्छा रखने वाले सभी लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करेगा।
- भारत 2025 तक वैश्विक जैव-विनिर्माण हब में दुनिया के शीर्ष 5 देशों में शामिल हो जाएगा।

**5.** हाल ही में पुनर्गठित अंतर्राज्यीय परिषद के प्रमुख ________ **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।**

**नोट:**

- यह देश में सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने और सहायता करने के लिए काम करती है। परिषद में सदस्य के रूप में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और छह केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। इसमें स्थायी आमंत्रितगणों के रूप में 10 केंद्रीय मंत्री भी होंगे। सरकार ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को प्रमुख बनाकर अंतर्राज्यीय परिषद की स्थायी समिति का भी पुनर्गठन किया है।

**6.** स्वच्छ भारत मिशन अर्बन 2.0 के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण - 2023 के 8वें संस्करण का विषय________ **वेस्ट टू वेल्थ।**

**नोट:**

- सर्वेक्षण में 3-R (Reduce, Recycle और Reuse) के सिद्धांत को प्राथमिकता दी जाएगी। शहरी स्वच्छता की स्थिति में सुधार के लिए शहरों को प्रोत्साहित करके 2016 में MoHUA द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण की शुरुआत एक प्रतिस्पर्धी फ्रेमवर्क के रूप में की गई थी।

**7.** किस संगठन ने अपनी प्रमुख योजना आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के तहत एक नया आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (ABHA) मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च करने की घोषणा की______ **राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA)।**

**नोट:**

- ABHA मोबाइल एप्लिकेशन एक व्यक्ति को एक ABHA एड्रेस (यूजरनेम) बनाने में सक्षम बनाता है जिसे 14 अंकों की यादृच्छिक ABHA संख्या से लिंक किया जा सकता है।
- मौजूदा ABHA ऐप यूजर अपने पिछले ऐप वर्जन को अपडेट भी कर सकते हैं। NHA के CEO: डॉ. आर.एस. शर्मा।

**8.** प्रगति मैदान, नई दिल्ली में भारत के सबसे बड़े ड्रोन महोत्सव का उद्घाटन करके किसने किसान ड्रोन पायलटों के साथ वार्ता की और ओपन एयर ड्रोन प्रदर्शनी के साक्षी बने ______ **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।**

**नोट:**

- 'भारत ड्रोन महोत्सव 2022' दो दिवसीय कार्यक्रम है और 27-28 मई को आयोजित किया गया।
- कई सरकारी अधिकारी, विदेशी राजनयिक, सशस्त्र बल, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, निजी कंपनियां, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और ड्रोन स्टार्टअप ने इस आयोजन में भाग लिया।

**9.** किस विभाग ने देश में स्कूली शिक्षा प्रणाली की स्थिति का आकलन करने के लिए राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (NAS) 2021 रिपोर्ट जारी की __________ **स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग।**

**नोट:**

- सर्वेक्षण में कक्षा 3, 5, 8 और 10 के बच्चों की अधिगम क्षमता का मूल्यांकन तीन वर्ष की अवधि के साथ किया गया है।
- सर्वेक्षण 22 क्षेत्रीय भाषा में किया गया। NAS 2021 में ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों के 720 जिलों के 1.18 लाख स्कूलों के लगभग 34 लाख छात्रों ने भाग लिया है।

**10.** अश्विनी वैष्णव (केंद्रीय रेल, संचार मंत्री) ने IIT मद्रास के साथ किस परियोजना में सहयोग के लिए 8.34 करोड़ रुपये की मंजूरी दी______ **हाइपरलूप टेक्नोलॉजी (हाई-स्पीड ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम)।**

**नोट:**

- हाइपरलूप 5वां परिवहन माध्यम है जो एक वैक्यूम ट्यूब में यात्रा करता है। निम्न वायु प्रतिरोध ट्यूब के अंदर कैप्सूल को 1,000 किमी/घंटा से अधिक की गति प्रदान करता है।
- टीम आविष्कार द्वारा प्रस्तावित मॉडल 1,200 किमी/घंटा से अधिक की शीर्ष गति प्राप्त कर सकता है।

**11.** किस संस्थान ने भारत सहित विश्व स्तर पर केवल ऊर्जा संक्रमण पर काम करने के लिए सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज (CSIS), वाशिंगटन डीसी में एनर्जी सिक्योरिटी एंड क्लाइमेट चेंज प्रोग्राम के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं ______ **जस्ट ट्रांजिशन रिसर्च सेंटर (JTRC), IIT कानपुर।**

**नोट:**

- IIT-CSIS सहयोग भारतीय राज्य- झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और तेलंगाना के साथ काम करेगा।

**12.** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने अब NFT का उपयोग करके जांच करने का निर्णय लिया है। NFT का पूरा नाम क्या है ______ **नॉन फंगिबल टोकन।**

**नोट:**

- भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने महिला T20 चैलेंज के लिए अपने आधिकारिक सहयोगी साझेदार के रूप में फैनक्रेज (क्रिकेट मेटावर्स कंपनी) का अनावरण किया।
- फैनक्रेज वेस्टइंडीज क्रिकेट के साथ बोर्ड में होने के साथ-साथ ICC पार्टनर भी है।
- महिला T20 चुनौती में तीन टीमें (सुपरनोवा, ट्रेलब्लेज़र और वेलोसिटी) होंगी और महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) स्टेडियम में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

**13.** किस संगठन ने सीवेज अवसंरचना एवं प्रबंधन विकास के लिए दो चारपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं ______ **राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG)।**

**नोट:**

- पहला समझौता: शहर से गंगा नदी में सीवरेज के प्रवाह को रोकने के लिए NMCG, कोलकाता महानगर विकास प्राधिकरण, मेसर्स महेशतला वेस्ट वाटर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के बीच।
- दूसरा समझौता NMCG, KMDA, MWWMPL और ओईसटेरेईचिश्चे एंटविकलुंग्सबैंक के बीच एक प्रतिस्थापन समझौता है।

**14.** प्रधानमंत्री मोदी ने किस राज्य में भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (**IFFCO**) में निर्मित दुनिया के पहले नैनो यूरिया (द्रव) संयंत्र का उद्घाटन किया ______ **कलोल, गांधीनगर, गुजरात।**

**नोट:**

- नैनो यूरिया द्रव संयंत्र उत्पादकता तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगभग 175 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।
- यह 500 मिली की लगभग 1.5 लाख बोतलों का उत्पादन करेगा।

**15.** अटल इनोवेशन मिशन (AIM), नीति आयोग ने अटल न्यू इंडिया चैलेंज (ANIC) के दूसरे संस्करण के लिए कहां पर 'नेशनल आउटरीच मीट' का आयोजन किया ______ **इंटरनेशनल सेंटर गोवा।**

**नोट:**

- आयोजक: अटल इनक्यूबेशन सेंटर एट गोवा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (AIC-GIM फाउंडेशन)

**16.** नई दिल्ली में इंडियन बिजनेस पोर्टल का शुभारंभ किसने किया जो भारतीय निर्यातकों तथा विदेशी खरीदारों के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र के रूप में काम करेगा ______ **केंद्रीय मंत्री, अनुप्रिया पटेल।**

**नोट:**

- विकासक: फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन

**17.** भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहां पर दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला विधायक सम्मेलन-2022 का उद्घाटन किया ______ **तिरुवनंतपुरम, केरल।**

**नोट:**

- 'आजादी का अमृत महोत्सव' के एक भाग के रूप में यह केरल विधान सभा द्वारा आयोजित किया जा रहा है।
- इसमें भारत के विभिन्न राज्यों के 120 प्रतिनिधि शामिल हुए।

**18.** 2021-22 में चीन को प्रतिस्थापित करते हुए भारत का शीर्ष व्यापारिक भागीदार बनने वाला देश ______ **अमेरिका।**

**नोट:**

- वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 119.42 बिलियन डॉलर (2021-22) रहा, जो 2020-21 में 80.51 बिलियन डॉलर था।
- अन्य शीर्ष व्यापारिक भागीदार: चीन ($115.42 बिलियन), UAE ($72.9 बिलियन), सऊदी अरब ($42,85 बिलियन), इराक ($34.33 बिलियन) और सिंगापुर ($30 बिलियन)।

**19.** डॉ. जितेंद्र सिंह (केंद्रीय मंत्री) ने कहां पर देश के पहले लैवेंडर महोत्सव का उद्घाटन किया______ **जम्मू के भदेरवाह जिले।**

**नोट:**

- लैवेंडर की खेती ने सरकारी पहल 'अरोमा मिशन या बैंगनी क्रांति' के अंतर्गत जम्मू-कश्मीर में किसानों की किस्मत बदल दी है।
- डोडा जिले में भदेरवाह भूमि तथा जलवायु की दृष्टि से लैवेंडर की खेती के लिए सबसे अच्छा स्थान है।

**20.** किस सीमा शुल्क जोन ने ICTM (ICD कंटेनर ट्रैकिंग मॉड्यूल) का उपयोग करके कंटेनर पर नजर रखने के उद्देश्य से ICD गढ़ी हरसरू, गुरुग्राम में परियोजना 'NIGAH' का उद्घाटन किया______ **दिल्ली सीमा शुल्क।**

**नोट:**

- यह पहल ICD के अंदर कंटेनर की आवाजाही की बेहतर दृश्यता में मदद करेगी और सीमा शुल्क विभाग को लंबे समय से खड़े कंटेनरों को समय पर मंजूरी देने के काम में तेजी लाने और निगरानी करने में भी मदद करेगी।

**21.** भारत ने जलवायु कार्यवाही पर द्विपक्षीय सहयोग को सुगम बनाने और बढ़ाने हेतु एक फ्रेमवर्क स्थापित करने के लिए किस देश के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए ______**संयुक्त अरब अमीरात।**

**नोट:**

- उद्देश्य: पेरिस समझौते 2015 को लागू करने में योगदान देना।
- संयुक्त अरब अमीरात 2023 में COP28 की मेजबानी करेगा।

**22.** क्रेडिट-लिंक्ड पोर्टल, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विभिन्न योजनाओं के संवितरण के लिए लॉन्च किया जाएगा ______ **जन समर्थ।**

**नोट:**

- उद्देश्य: आम आदमी के लिए जीवन की सुगमता में सुधार करना।
- प्रारंभ में, नया पोर्टल 15 क्रेडिट-लिंक्ड सरकारी पहलों के साथ लॉन्च होगा।

**23.** किस संगठन ने अपनी प्रमुख योजना आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के तहत योजना पर वास्तविक समय की जानकारी के लिए एक पब्लिक डैशबोर्ड लॉन्च किया_______ **राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA)।**

**नोट:**

- डैशबोर्ड डिस्प्ले: मिशन के तहत मुख्य रजिस्ट्रियों पर विस्तृत जानकारी - आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (ABHA) नंबर, हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्री (HPR) और हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री (HFR)।

**24.** LIC द्वारा लॉन्च किए गए नए जीवन बीमा उत्पाद का नाम_______ **बीमा रत्न।**

**नोट:**

- एक गैर-लिंक्ड, गैर-सहभागी, व्यक्तिगत बचत जीवन बीमा उत्पाद जो सुरक्षा तथा बचत को जोड़ता है।
- मृत्यु पर बीमित राशि मूल बीमित राशि की 125% या वार्षिक प्रीमियम के 7 गुना से अधिक है।

**25.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 मई को पीएम किसान सम्मान निधि के लिए कितनी धनराशि की 11वीं किस्त जारी की ________ **21,000 करोड़ रुपये।**

**नोट:**

- ➢ उन्होंने भारत सरकार के 9 केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों द्वारा चलाई जा रही लगभग 16 योजनाओं के लाभार्थियों से वार्ता की।

**26.** सरकार ने प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) को कब तक जारी रखने की मंजूरी दी ______**2025-26 तक।**

**नोट:**

- ➢ 13,554.42 करोड़ रुपये का कुल खर्च।
- ➢ उद्देश्य: पांच वर्षों में लगभग 40 लाख व्यक्तियों के लिए स्थायी रोजगार के अवसर उत्पन्न करना।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

**1.** किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की सरकार ने शहर में आग बुझाने के लिए रोबोट का उपयोग करने की अनूठी पहल शुरू की ________**दिल्ली सरकार।**

**नोट:**

- ➢ रिमोट द्वारा नियंत्रित ये अग्निशमन रोबोटों की स्थानों तक उच्च अभिगम्यता होगी और वे संकरी गलियों में जाने, मनुष्यों के लिए दुर्गम स्थानों तक पहुंचने और लोगों के लिए अत्यंत जोखिम भरे कार्य करने में सक्षम होंगे।
- ➢ ये रोबोट 2,400 लीटर प्रति मिनट की दर से उच्च जल दाब मुक्त करने में भी सक्षम होंगे।

**2.** किस राज्य सरकार ने दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में दुनिया के विभिन्न देशों की 23 कंपनियों के साथ 30,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ________ **महाराष्ट्र सरकार।**

**नोट:**

- ➢ सुभाष देसाई (महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री) और महाराष्ट्र कैबिनेट के अन्य मंत्री निवेश अवसरों को आकर्षित करने के लिए दावोस में थे। माइक्रोसॉफ्ट 3,200 करोड़ रुपये के निवेश से पुणे में अपना डेटा सेंटर स्थापित करेगी।
- ➢ 55% से अधिक निवेश सिंगापुर, इंडोनेशिया, अमेरिका और जापान से आएगा।

**3.** किस प्रयोगशाला ने देश के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अपनी पहली वाणिज्यिक ड्रोन फ्लाइट शुरू की ________ **रेडक्लिफ लैब्स।**

**नोट:**

- ➢ कंपनी ने हाल ही में उत्तरकाशी और देहरादून के बीच अपना वाणिज्यिक ड्रोन कॉरिडोर खोला है।
- ➢ उत्तरकाशी से देहरादून की सड़क मार्ग दूरी 144 किमी है और इसमें सड़क मार्ग से 6-8 घंटे तथा भूस्खलन के दौरान 12 घंटे लगते हैं, लेकिन ड्रोन तकनीक से यह दूरी 88 मिनट में तय की गई।

**4.** किस राज्य सरकार ने 'कलैगनारिन ऑल विलेज इंटीग्रेटेड एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट प्रोग्राम' शुरू किया________ **तमिलनाडु।**

**नोट:**

- ➢ सभी 15,525 ग्राम पंचायतों में संघ तथा राज्य सरकार की योजनाओं के मिश्रित रूप के माध्यम से कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है।

- उद्देश्य: अगले 10 वर्षों में 11.75 लाख हेक्टेयर भूमि को शुद्ध खेती के अंतर्गत लाना और दोहरे फसल क्षेत्र को 20 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाना।

**5.** किस राज्य सरकार ने 5 वर्षों में राज्य के 10% वाहनों को इलेक्ट्रिक मोड में परिवर्तित करने के उद्देश्य से इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2022 अपनाने का निर्णय लिया _________ **त्रिपुरा।**

**नोट:**

- इलेक्ट्रिक वाहन वायु प्रदूषण को कम करेंगे और पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक होंगे।
- यदि इसे लागू किया जाता है, तो त्रिपुरा इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी अपनाने वाला देश का 15वां राज्य और असम तथा मेघालय के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र में तीसरा राज्य बन जाएगा।

**6.** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) द्वारा भारत का पहला 'ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन प्रोग्राम' (OVEP) किस राज्य में शुरू किया गया______**ओडिशा।**

**नोट:**

- OVEP को आधिकारिक तौर पर नवीन पटनायक (ओडिशा के मुख्यमंत्री), नीता अंबानी (IOC सदस्य) ने अन्य सदस्यों के साथ लॉन्च किया था।
- इस कार्यक्रम को ओडिशा की स्कूली शिक्षा प्रणाली में एकीकृत किया जाएगा।
- कार्यक्रम को स्कूल एवं जन शिक्षा विभाग (ओडिशा) और अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन ट्रस्ट के साथ साझेदारी में विकसित किया जा रहा है।

**7.** किस राज्य सरकार ने विभागों की शिकायतों, योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों की निगरानी के लिए 'संभव' (sambhav.up.gov.in) प्लेटफॉर्म / पोर्टल लॉन्च किया है ______ **उत्तर प्रदेश के ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री।**

**नोट:**

- SAMBHAV एक मल्टी-मॉडल प्लेटफॉर्म है, यह सार्वजनिक शिकायतों के तीव्र एवं प्रभावी निपटान में मदद करता है और सुशासन प्रदान करता है तथा सार्वजनिक सेवा वितरण को पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाता है।
- SAMBHAV एक सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) मंच के रूप में काम करेगा।

**8.** किस राज्य में शिरुई लिली महोत्सव का चौथा संस्करण शुरू हुआ ________ **उखरूल जिला, मणिपुर।**

**नोट:**

- चार दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन राज्यपाल ला गणेशन ने किया, यह दो वर्ष के अंतराल के बाद हो रहा है।
- शिरुई लिली मई के अंत से जून की शुरुआत तक केवल शिरुई गांव की पहाड़ी पर ही खिलते हैं।
- महोत्सव का उद्देश्य: दुर्लभ शिरुई फूल के बारे में जागरूकता फैलाना और मणिपुर में पर्यटन को प्रोत्साहित करना।

**9.** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहां पर उत्तर भारत के पहले औद्योगिक बायोटेक पार्क का उद्घाटन किया_______**घाट्टी, कठुआ, जम्मू।**

**नोट:**

- बायोटेक पार्क नए विचारों के उद्भव के लिए हब के रूप में कार्य करेगा और कृषि-उद्यमियों, स्टार्टअप्स, किसानों, विद्वानों और छात्रों का समर्थन हेतु एक मजबूत प्लेटफॉर्म बनेगा।

**10.** पुणे विश्वविद्यालय के खाशाबा जाधव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किसने किया _______ **अनुराग ठाकुर।**

**नोट:**

- कॉम्प्लेक्स 27 एकड़ भूमि में फैला हुआ है और यहां पर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, फुटबॉल, एस्ट्रो टर्फ लॉन टेनिस कोर्ट, अंतर्राष्ट्रीय मानक के शूटिंग रेंज, अत्याधुनिक जिम्नेजियम है।

**11.** किस सरकार ने राज्य में बहुचर्चित समान नागरिक संहिता (UCC) को लागू करने के लिए 5-सदस्यीय प्रारूप समिति गठित करने की घोषणा की _________ **उत्तराखंड।**

**नोट:**

- समिति की प्रमुख: रंजना देसाई (सर्वोच्च न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश)
- सदस्य: दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रमोद कोहली, राज्य के पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह, मनु गौड़ और सुरेखा डंगवाल।

**12.** किस राज्य का राजधानी शहर विस्तृत जैव विविधता रजिस्टर बनाने वाला भारत का पहला प्रमुख महानगर बन गया ______**कोलकाता, पश्चिम बंगाल।**

**नोट:**

- 520 पृष्ठों के दस्तावेज में 399 पादप प्रजातियों को शामिल किया गया है जिसमें 138 पेड़, 126 चीनी सब्जियां, 33 औषधीय पौधे और लगभग 100 अन्य पौधे सम्मिलित हैं।

**13.** कौन सी राज्य सरकार लगभग 50,000 एकड़ में सिंगल-पिक कॉटन पर एक प्रायोगिक परियोजना शुरू करेगी______ **तेलंगाना।**

**नोट:**

- वर्तमान में, किसान कॉटन बॉल को कम से कम तीन से चार बार उठाते हैं, इस विधि से किसानों को फसल को कुछ सप्ताह तक बढ़ाने और एक ही बार में फसल पूरी करने में मदद मिलेगी।

**14.** कौन सा राज्य समय के साथ स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च की निगरानी के लिए स्वास्थ्य खातों को व्यवस्थित करने का प्रयास करने वाला पहला राज्य बन गया और यह अब साक्ष्य आधारित नीति निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में कार्य कर सकता है ______ **राजस्थान।**

**नोट:**

- राजस्थान की इस परियोजना में WHO इंडिया कंट्री ऑफिस द्वारा स्वास्थ्य खातों के पहले दौर के संचालन के लिए तकनीकी तथा वित्तीय सहायता प्रदान करके सहायता की जाएगी।

**15.** देश का पहला राज्य, जहां भारतीय डाक विभाग ने एक ड्रोन का उपयोग करके डाक वितरित की _________**गुजरात का कच्छ जिला।**

**नोट:**

- यह प्रयास केंद्रीय संचार मंत्रालय के मार्गदर्शन में डाक विभाग द्वारा भुज तालुका के हाबे गांव से कच्छ जिले के भचाऊ तालुका के नेर गांव तक ड्रोन द्वारा किया गया था।

**16.** कर्नाटक के मुख्यमंत्री, बसवराज बोम्मई द्वारा लॉन्च किए गए नए स्वास्थ्य एवं कल्याण ऐप का नाम______ **आयु (AAYU)।**

**नोट:**

- विकासकर्ता: RESET TECH (एक AI-संचालित एकीकृत स्वास्थ्य-तकनीक प्लेटफॉर्म) के साथ साझेदारी में स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान (S-VYASA)।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. नेशनल ज्योग्राफिक सोसाइटी (नैटजियो) के विशेषज्ञों की टीम का नेतृत्व किसने किया, जिन्होंने माउंट एवरेस्ट पर 8,830 मीटर की ऊंचाई पर "दुनिया का सबसे ऊंचा मौसम स्टेशन" स्थापित किया ________ **जलवायु वैज्ञानिक बेकर पेरी (अमेरिका की एप्लेशियन स्टेट यूनिवर्सिटी) )**

   **नोट:**

   - स्वचालित मौसम स्टेशन शिखर बिंदु (8,848.86 मीटर) से कुछ मीटर नीचे स्थापित किया गया था क्योंकि शिखर पर बर्फ उपकरणों को व्यवस्थित करने के लिए उपयुक्त नहीं है।

2. इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (IPEF) में सदस्यों की कुल संख्या ______**13।**

   **नोट:**

   - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 अन्य देशों के साथ इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (IPEF) में भारत के प्रवेश को औपचारिक रूप दिया।
   - उद्देश्य: जियोस्ट्रेटिजिक काउंटर के रूप में आर्थिक सहयोग को मजबूत करना।
   - IPEF में शामिल अन्य 12 देश: अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई दारूशेलम, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम।

3. तीन भारतीय जिन्हें TIME पत्रिका द्वारा 2022 के दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल किया गया है_______ **गौतम अडाणी, करुणा नंदी (SC वकील), और खुर्रम परवेज (कश्मीरी मानवाधिकार कार्यकर्ता)।**

   **नोट:**

   - अदाणी को टाइटन श्रेणी में शामिल किया गया है, और नंदी तथा परवेज को लीडर श्रेणी में नामित किया गया है।
   - हाल ही में, गौतम अडाणी 123.7 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ दुनिया के 5वें सबसे अमीर व्यक्ति (2022) बन गए हैं।

4. कौन सा देश वर्ष (2022) के अंत तक दुनिया के सबसे बड़े पेट्रोलियम अनुसंधान केंद्र के निर्माण की योजना बना रहा है ______ **कुवैत।**

   **नोट:**

   - अनुसंधान केंद्र में 28 प्रयोगशालाएं होंगी और यह कुवैत शहर के दक्षिण में अल-अहमदी में बनाया जाएगा।

5. फॉर्च्यून 500 के अनुसार, 2021 में एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में सर्वाधिक वेतन प्राप्तकर्ता_______ **इलॉन मस्क।**

   **नोट:**

   - उन्हें लगभग 23.5 बिलियन डॉलर का वेतन मिला।
   - टिम कुक (एप्पल) 770.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर है, उनके बाद NVIDIA के जेन्सेन हुआंग, (561 मिलियन अमेरिकी डॉलर); नेटफ्लिक्स के रीड हेस्टिंग्स, (453.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर); रीजेनरॉन फार्मास्यूटिकल्स के लियोनार्ड श्लीफ़र, (452.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर) हैं।

6. पोप फ्रांसिस द्वारा कितने कार्डिनल बनाए जाएंगे _______ **21।**

   **नोट:**

   - भारत से दो कार्डिनल, आर्कबिशप फिलिप नेरी एंटोनियो सेबेस्टियाओ डि रोसारियो फेराओ (गोवा और दामो के आर्कबिशप) और आर्कबिशप एंथनी पूला (हैदराबाद के आर्कबिशप)।
   - उच्चस्तरीय समारोह 27 अगस्त, 2022 को वेटिकन में आयोजित किया जाएगा।

**7.** कौन सा देश फोर्ब्स 30 अंडर 30 एशिया लिस्ट 2022 के 7वें संस्करण में प्रविष्टियों की संख्या के मामले में सबसे ऊपर है _______ **भारत (61)।**

**नोट:**

- संपादन-कर्ता: राणा वेहबे वाटसन
- 61 प्रविष्टियों के साथ प्रविष्टियों की संख्या के मामले में भारत शीर्ष पर है, इसके बाद सिंगापुर (34), जापान (33), ऑस्ट्रेलिया (32), इंडोनेशिया (30) और चीन (28) का स्थान है।

## सम्मान एवं पुरस्कार

**1.** रीसाइक्लिंग स्टीम मॉडल का उपयोग करके बॉयलरों में ऊर्जा बचाने के लिए अमेजन संभव एंत्रेप्रेन्योरशिप चैलेंज 2022 पुरस्कार किसने जीता________ **सुभाष ओला (राजस्थान के अन्वेषक)।**

**नोट:**

- इसके अलावा, उनके उद्यम "जीनियस एनर्जी क्रिटिकल इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड" ने स्टार्ट-अप ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी जीता।
- जीनियस एनर्जी क्रिटिकल इनोवेशन को नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन (NIF) द्वारा इनक्यूबेट किया गया था। NIF विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की एक स्वायत्त संस्था है।

**2.** संगीत अकादमी ने वर्ष 2020-22 के विभिन्न कलाकारों के लिए संगीत कलानिधि और अन्य पुरस्कारों की घोषणा की, 2020 के लिए संगीत कलानिधि से किन्हें सम्मानित किया गया _______ **प्रसिद्ध गायक नेयवेली आर. संतनागोपालन (2020)।**

**नोट:**

- संगीत कलानिधि पुरस्कार विजेता: प्रतिष्ठित मृदंग कलाकार तिरुवरुर भक्तवत्सलम (2021) और वायलिन वादक जोड़ी लालगुडी जी.जे.आर. कृष्णन और विजयलक्ष्मी (2022)।
- संगीत अकादमी ने नृत्य श्रेणी में तीन प्राप्तकर्ताओं के लिए नृत्य कलानिधि सहित अन्य पुरस्कारों की भी घोषणा की।

**3.** किस संगठन ने वैश्विक स्वास्थ्य के विकास में 'उत्कृष्ट' योगदान के लिए भारत की एक मिलियन अखिल महिला मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ASHA) को सम्मानित किया है _______ **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)।**

**नोट:**

- ASHA कार्यकर्ताओं ने मातृ देखभाल और बच्चों को टीका-निवारक रोगों के खिलाफ टीकाकरण प्रदान करने; सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल; उच्च रक्तचाप और तपेदिक के उपचार के लिए काम किया।

**4.** वर्ष 2020 के लिए कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की श्रेणी में VASVIK (विविधलक्ष्यी औद्योगिक संशोधन विकास केंद्र) औद्योगिक अनुसंधान पुरस्कार किसने प्राप्त किया _______ **ए. गोपालकृष्णन (ICAR-केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान के निदेशक)।**

**नोट:**

- पुरस्कार में 1.51 लाख का नकद पुरस्कार और एक प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।
- VASVIK अनुसंधान पुरस्कार उन वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को दिया जाता है जिन्होंने प्रत्येक वर्ष आठ श्रेणियों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है।

5. गीतांजलि श्री और अमेरिकी अनुवादक डेज़ी रॉकवेल ने किस पुस्तक के लिए 2022 अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीता_______ **टॉम्ब ऑफ सैंड।**

**नोट:**

- पुस्तक "टॉम्ब ऑफ सैंड' मूल रूप से हिंदी में लिखी गई थी, यह किसी भी भारतीय भाषा में इस तरह का प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने वाली पहली पुस्तक है।
- 50,000 पौंड की पुरस्कार राशि गीतांजलि श्री और रॉकवेल के बीच विभाजित की जाएगी।

6. 75वें कान्स फिल्म समारोह में दूसरी बार किस फिल्म ने पाल्मे डी'ओर जीता ________ **ट्राएंगल ऑफ सैडनेस।**

**नोट:**

- निर्देशक: रूबेन ओस्टलंड।
- भारतीय फिल्म निर्माता शौनक सेन ने अपनी डॉक्यूमेंट्री 'ऑल दैट ब्रीथ्स' के लिए 'ल'ऑइल डी'ओर' पुरस्कार जीता।

7. फ्रेंच रिवेरा फिल्म फेस्टिवल में एक्सीलेंस इन सिनेमा अवार्ड किसे मिला _______ **नवाजुद्दीन सिद्दीकी।**

**नोट:**

- उन्हें दो बार के एमी विजेता अमेरिकी अभिनेता-निर्माता, विंसेंट डी पॉल ने सम्मानित किया।
- इससे पहले, उन्हें कान्स फिल्म समारोह में राष्ट्र की ओर से पुरस्कार प्राप्त करने वाले एक प्रतिनिधि के रूप में चुना गया था।

8. मुंबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (MIFF 2022) के 17वें संस्करण में डॉ. वी. शांताराम लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से किन्हें सम्मानित किया गया ________ **संजीत नारवेकर।**

**नोट:**

- प्रतिष्ठित पुरस्कार में 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, स्वर्ण शंख और एक प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।
- MIFF 2022 का संकेंद्रित देश: बांग्लादेश।

9. मुंबई में वार्षिक रेडियो4चाइल्ड 2022 अवार्ड्स में यूनिसेफ द्वारा 'O1 बेस्ट कंटेंट अवार्ड' और इम्यूनाइजेशन चैंपियन अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया है ________ **रेडियो जॉकी, उमर निसार।**

**नोट:**

- उन्हें महामारी के दौरान जागरूकता फैलाने और दर्शकों तक पहुंच के लिए अफवाहों का मुकाबला करने में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए एक पुरस्कार मिला।

## खेल समाचार

1. भारतीय पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम (अभिषेक वर्मा, अमन सैनी और रजत चौहान) ने फाइनल में किन्हें हराकर दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू में आयोजित तीरंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता_________**फ्रांस।**

**नोट:**

- यह उनका लगातार दूसरा विश्व कप स्वर्ण पदक था, इससे पहले टीम अंताल्या, तुर्की (अप्रैल 2022) में पोडियम में शीर्ष स्थान पर रही थी।
- तीरंदाज मोहन भारद्वाज ने भी विश्व कप में रजत पदक जीता। अभिषेक और अवनीत कौर की कंपाउंड मिश्रित जोड़ी ने कांस्य पदक जीता।

2. किस टीम को पिछले पांच सत्रों में में अपनी चौथी खिताबी जीत के लिए 2021/22 प्रीमियर लीग चैंपियन का खिताब दिया गया__________ **मैनचेस्टर सिटी (फुटबॉल)।**

**नोट:**

- मैनचेस्टर सिटी ने सीज़न के अंतिम गेम में एस्टन विला पर जीत हासिल की। इस सीज़न में मैनचेस्टर सिटी के 38 लीग मैचों में, उन्होंने 29 जीते, छह ड्रॉ किए तथा तीन हारे, और कुल 99 गोल किए।
- सिटी ने 2016 की गर्मियों में पेप गार्डियोला के आने के बाद से अब तक चार प्रीमियर लीग खिताब और आठ प्रमुख ट्राफियां जीती हैं।

3. इंफाल में आयोजित फाइनल में हॉकी झारखंड को 2-0 से हराकर हॉकी इंडिया सब-जूनियर वूमन्स नेशनल चैंपियनशिप 2022 की विजेता हॉकी टीम________ **हरियाणा।**

**नोट:**

- उत्तर प्रदेश हॉकी ने मध्य प्रदेश हॉकी को 3-0 से हराकर टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया।
- पुष्पांजलि सोनकर, मनीषा पटेल और पूर्णिमा यादव ने एक-एक गोल करके उत्तर प्रदेश हॉकी को लगातार दूसरी बार प्रतियोगिता में तीसरा स्थान दिलाने में मदद की।

4. किस टीम ने हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2022 का खिताब जीता_________ **ओडिशा।**

**नोट:**

- ओडिशा हॉकी संघ भोपाल, मध्य प्रदेश में हॉकी कर्नाटक पर जीत के बाद 12वीं हॉकी इंडिया सीनियर वूमन्स नेशनल चैंपियनशिप 2022 का चैंपियन बन गया। इससे पहले झारखंड हॉकी टीम ने तीसरे-चौथे स्थान के मैच में हॉकी हरियाणा को 3-2 से हराया था।
- पूनम बारला (34′) ने तीसरे क्वार्टर में मैच में स्कोर की शुरुआत की और ओडिशा ने बढ़त बनाई।

5. कौन सा बल्लेबाज IPL के इतिहास में 700 चौके लगाने वाला पहला खिलाड़ी बन गया ________ **पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शिखर धवन।**

**नोट:**

- बल्लेबाज के नाम अब कुल 701 IPL चौके हैं, उनके बाद डेविड वार्नर (577) और विराट कोहली (576) हैं।
- उन्होंने वानखेड़े में PBKS और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।
- धवन IPL इतिहास में विराट कोहली के बाद 6000 रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी भी बन गए हैं।

6. अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित फाइनल में राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) चैंपियन 2022 का खिताब किस टीम ने जीता _______ **गुजरात टाइटन्स।**

**नोट:**

- अरामको पर्पल कैप: युजवेंद्र चहल (27 विकेट)
- अरामको ऑरेंज कैप: जोस बटलर (863 रन)

7. कौन सी टीम चैंपियंस लीग फाइनल में लिवरपूल को 1-0 से हराकर रिकॉर्ड 14वीं बार यूरोपीय चैंपियन बनी _______ **रियल मैड्रिड।**

**नोट:**

- रियल मैड्रिड ने नौ सीज़न में अपनी पांचवीं चैंपियंस लीग ट्रॉफी हासिल की।

8. कार्लोस सैन्ज जूनियर (फेरारी) को हराकर फॉर्मूला वन मोनाको ग्रैंड प्रिक्स किसने जीती _________**सर्जियो पेरेज़ (रेड बुल)।**

**नोट:**

- यह पेरेज़ की सीज़न की पहली जीत थी।
- मेक्सिको के मैक्स वेर्स्टाप्पेन (रेड बुल) तीसरे और लेक्लर्क चौथे स्थान पर रहे।

## पुस्तकें एवं लेखक

1. "लिसन टू योर हार्ट: द लंदन एडवेंचर" पुस्तक के लेखक _________ **रस्किन बॉन्ड।**

   **नोट:**

   - प्रकाशक: पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (PRHI)। उनका पहला उपन्यास: द रूम ऑन द रूफ अवार्ड्स: पद्म श्री (1999) और पद्म भूषण (2014)।

## विज्ञान एवं रक्षा

1. भारतीय और बांग्लादेश की नौसेनाओं के उत्तरी बंगाल खाड़ी में दो दिवसीय को-ऑर्डिनेटेड पैट्रोल (कॉर्पैट) के किस संस्करण की शुरुआत की _______ **चौथा संस्करण।**

   **नोट:**

   - भारतीय नौसेना: दो स्वदेश निर्मित जहाज - कोरा (एक गाइडेड-मिसाइल कार्वेट) और सुमेधा (एक अपतटीय गश्ती पोत) अभ्यास में भाग ले रहे हैं।
   - बांग्लादेश: नौसेना के जहाज BNS अली हैदर और BNS अबू उबैदा कोऑर्डिनेटेड पैट्रोल अभ्यास में भाग ले रहे हैं।

2. भारतीय नौसेना और बांग्लादेश नौसेना के द्विपक्षीय अभ्यास का कौन सा संस्करण, बोंगोसागर पोर्ट मोंगला, बांग्लादेश में शुरू हुआ है _______ **तीसरा संस्करण।**

   **नोट:**

   - उद्देश्य: उच्च स्तरीय पारस्परिकता और संयुक्त परिचालन कौशल विकसित करना। अभ्यास में दो चरण हैं: हार्बर चरण और समुद्री चरण।

3. भारतीय थलसेना की किस कमांड ने नई दिल्ली में अपनी तरह का पहला सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण केंद्र 'वारगेम रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर' विकसित करने के लिए राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (RRU) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए _______ **आर्मी ट्रेनिंग कमांड।**

   **नोट:**

   - इस प्रॉजेक्ट को एक प्रोटोटाइप नाम 'WARDEC' दिया गया है और वर्चुअल रियलिटी वॉरगेम्स को डिजाइन करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करता है।
   - थलसेना द्वारा इस केंद्र का उपयोग अपने सैनिकों को प्रशिक्षित करने और "मेटावर्स-सक्षम गेमप्ले" के माध्यम से उनकी रणनीतियों का परीक्षण करने के लिए किया जाएगा।

4. INS जहाज जिसे भारतीय नौसेना द्वारा सेवामुक्त किया गया _________ **INS गोमती।**

   **नोट:**

   - INS गोमती को 16 अप्रैल 1988 को तत्कालीन रक्षा मंत्री के.सी. पंत द्वारा मझगांव डॉक लिमिटेड, बॉम्बे में सेवा में शामिल किया गया था।

- अपनी 34 वर्षों की सेवा के दौरान, जहाज ने ऑपरेशन कैक्टस, पराक्रम और रेनबो और बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यासों में भाग लिया।

**5.** राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (NSM) के चरण II के तहत IIT गांधीनगर में कौन सा सुपरकंप्यूटर स्थापित किया गया_________ **परम अनंत।**

**नोट:**

- NSM इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) की एक संयुक्त पहल है।
- इसकी प्रणाली डायरेक्ट कॉन्टैक्ट लिक्विड कूलिंग तकनीक पर आधारित है।

**--------------0--------------**

BYJU'S EXAM PREP

# Features :

- Live Classes by Top Faculty
- Comprehensive Study Material
- Daily Study Plan
- Latest Pattern Test Series
- Complete Doubt Resolution
- Regular Assessments with Report Card



byjusexamprep.com